# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक** : 28.05.2026 **समय** : 02.10PM

पीएम– मंगोलिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल पर, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप के पवित्र अवशेष मंगोलिया भेजे जा रहे हैं। ये अवशेष भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों, सारिपुत्र और मौद्गल्यायन से संबधित हैं। इन अवशेषों को आज भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे से राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली लाया जाएगा। नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में कल इन्हें सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद, 30 मई को भारतीय वायु सेना का एक विशेष विमान इन्हें मंगोलिया ले जाएगा।

प्रधानमंत्री–सावरकर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीर सावरकर को उनकी जयंती पर नमन किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वीर सावरकर का साहस और देशभक्ति लोगों को सदा प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक सुधारों पर वीर सावरकर का अत्यधिक जोर था और इस दिशा में उनका ज्ञान उल्लेखनीय है।

केंद्र सरकार योजना–आभार–मुख्यमंत्री

केंद्र सरकार द्वारा सार्थक–पीडीएस फेज–2 के लिए 25 हजार 530 करोड़ रुपए मंजूर किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस योजना में एआई और आधुनिक तकनीक के जरिए राशन वितरण पहले से ज्यादा पारदर्शी और बेहतर होगा।

खरीफ सम्मेलन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में खरीफ अभियान 2026 पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में केंद्र–राज्य सरकारें, आईसीएआर और कृषि संस्थान मिलकर आने वाले खरीफ सीजन की तैयारियों पर विचार कर रहे हैं। इस अवसर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आजीविका को बेहतर बनाना और देशवासियों को पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा–
बाइट– केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

ईद–उल–अजहा

देश के विभिन्न हिस्सों में आज ईद–उल–अजहा धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। सुबह ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। बाद में लोगों ने एक–दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद–उल–अजहा पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार भक्ति, त्याग और निस्वार्थता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें वंचितों की सेवा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी है।

सर्वोच्च न्यायालय– एसआईआर प्रक्रिया

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया की वैधता को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1950 के तहत एसआईआर कराने की पूर्ण शक्ति रखता है। न्यायालय ने माना कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान प्रक्रिया पर नहीं, बल्कि मतदाता सूचियों की सटीकता और विश्वसनीयता पर भी निर्भर करते हैं।

मौसम

प्रदेश में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी के साथ आंधी और बारिश का मिला–जुला असर देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों से कई जिलों में बारिश दर्ज की गई, इसके बावजूद लू और तेज गर्मी का असर कम नहीं हुआ है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 46 जिलों में हीटवेव और भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है। छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव लगातार 10 दिनों से प्रदेश के सबसे गर्म शहर बने हुए हैं। दोनों शहरों में आज भी तीव्र लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी जिले में सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग और रोजगार विभाग द्वारा कल युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- झाबुआ जिले में पड रही भीषण गर्मी और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित कर दिए गए हैं।
- गुना में "दिव्यांगजन जागरूकता, संवेदनशीलता एवं समावेशी अभिसरण योजना" विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशीलता बढाने के साथ विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करना है।
- आगरमालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद और जनसहयोग से न्यू बस स्टैंड के समक्ष स्थित तलाई की साफ–सफाई एवं गहरीकरण का कार्य कराया गया।